प्रभु खिचे हुए बंधे हुए चले आयेंगे

जरा तारों से तारे मिलाके तो देख,
ज़रा मोहन को दिल से बुला के तो देख,
प्रभु खिचे हुए बंधे हुए चले आयेंगे ।

पाया धन्ना ने पत्थर को प्रभु मान कर ।
पाया मीरा ने विष का अमर पान कर ॥
पाया केवट ने धो धो चरण धुल को ।
उन्ही चरणों में मस्तक झुका के तो देख,
प्रभु खिचे हुए बंधे हुए चले आयेंगे ॥

पाया जिस ने भी उसको मिला प्रेम धाम ।
तारे पत्थर लिखा जिनपे रघुवर का नाम ॥
तेरी नैया किनारे से क्यूं ना लगे ।
नाम उनका तू दिल पे लिखा के तो देख,
प्रभु खिचे हुए बंधे हुए चले आयेंगे ॥

वो है ठाकुर पुजारी तू बन के तो देख ।
वो हैं दाता भिखारी तू बन के तो देख ॥
उनके दर से नहीं कोई खाली गया।
उनके आगे तू झोली फैला के तो देख,
प्रभु खिचे हुए बंधे हुए चले आयेंगे ॥

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/235/title/jara-taro-se-tare-mile-kae-to-dekh-prabhu-khiche-huye-bandhe-huye-chale-aayenge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |